तापमान
अधिकतम 32 .5 डिग्री
न्यूनतम 13 .5 डिग्री

हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार 29 मार्च 2025

14 हैफेड ने 10200 और कोसली व बावल में वेयरहाउस ने खरीदी 9 हजार क्विंटल सरसों

16 तापमान में गिरावट से राहत, आज मौसम में बदलाव की संभावना

एस. डी. ग्रुप बच्चों के 360° व्यू पर काम करता है।

Prachi
D/o Sh. Mukesh Kumar
(Kanina)

NEET - 2024
Classroom Students

AIR 4 CAT. (EWS)

715/720

AIIMS

710/720

Ronak Yadav
D/o Sh. Rajpal Singh Yadav
(Kakrala)

SD GROUP OF INSTITUTIONS LWS

SDians नें NDA में भी रच दिया इतिहास...

ISHIKA
D/o Sh. Vikram Singh
(KOTIA)

SSB QUALIFIED

KASHISH YADAV
D/o Sh. Sanjay Kumar
(RAMBASS)

भारतीय सेना में अफसर बनने का सपना SD व LWS के साथ हुआ आसान...

Selected in JEE Adv.

IIT DELHI
ANUSHPA
D/o Sh. Jaibhagwan

IIIT ALLAHABAD
NITU SHERAWAT
D/o Sh. Vikram Singh

IISER PUNE
BHARAT
S/o Sh. Karmvir

NIT HAMIPUR
ANKIT YADAV
S/o Sh. Hanuman

IIT BANARAS
DEEPIKA
D/o Sh. Ramavtar

NIT ARUNACHAL PRADESH
MOHIT
S/o Sh. Ravinder Kumar

IIIT BHOPAL
PARAMJEET
S/o Sh. Naresh Kumar

IIT INDORE
PRINCE
S/o Sh. Rampal

BITS PILANI
RITIK YADAV
S/o Sh. Hanuman

CA Foundation

KHUSHI GUPTA
D/o Sh. Rajender Prasad Gupta
Roll. No. 456133

HIMANSHI
D/o Sh. Dinesh Kumar
Roll. No. 958067

SOURBH
S/o Sh. Dharmbir
Roll. No. 695581

DHEERAJ
S/o Sh. Surender Singh
Roll. No. 465381

YATIN AGGARWAL
S/o Sh. Bishan Dayal
Roll. No. 958017

CS CSEET

PRIYA
D/o Sh. Dharmbir
Roll. No. 250246464

MUSKAN
D/o Sh. Sanjay Kumar
Roll. No. 224294513

AC & NON AC HOSTEL FACILITY is Available For BOYS & GIRLS

उचित फीस में उत्तम शिक्षा

उनके लिए है... जिनको लगता है अपने सपनों को साकार करना है...
SD CAREER INSTITUTE
SCHOOL + COACHING + HOSTEL
Near Girls PG College, Opp. Civil Court, Mahendergarh
9996715609, 9996691606, 7027242222

NEET | NDA
JEE | CUET
Foundation | Pre-Foundation



Invitation
The Management, Teachers & Students of
SD Group of Educational Institutions
Invite You
to a Very Special Occasion of
Innovation & excellence
MONDAY
March
31st
2025
TIMING : 9.30 AM To 1.30 PM

शिक्षा के क्षेत्र में उदीयमान...
SD GROUP OF INSTITUTIONS
सर्वांगीण विकास का केन्द्र है आपका एस. डी. ग्रुप

Do not just give dreams. Let your child have the opportunity of realizing the same.

5th Mile Stone, Kanina-Kapoori Road, KAKRALA, Distt.-M/Garh (Hr.)
Ph. 8607757970 | 7056791004
sdschool2007@gmail.com
www.sdskakrala.edu.in

खबर संक्षेप

नजरिया बदलो नजारे बदल जाएंगेः बीके रजनी

भिवानी। गांव बीरन में आयोजित मनन चिंतन शिविर के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दिव्य भवन रुद्रा कॉलोनी की संचालिका बीके रजनी ने कहा कि जब हम किसी भी परिस्थिति या व्यक्तियों को देखने का नजरिया बदलेंगे, तभी नजारे यानी कि वो परिस्थितियां भी बदल जाएंगी, क्योंकि अक्सर कहा जाता है कि संकल्प से सृष्टि बनती है, दृष्टि से सृष्टि बनती है इसलिए भले ही हम किसी के भी सामने कितनी भी अच्छी-अच्छी बातें करें। उन्होंने कहा कि अगर हमारे विचार उनके लिए अच्छे विचार नहीं है तो हमारी बातों से पहले उन तक हमारे विचारों के वाइब्रेशन पहुंच जाते हैं और इसी वजह से आज के समय में हमारे संबंध संपर्क में हर तरफ मनमुटाव, बातचीत बंद होना,लड़ाई झगड़ा आदि देखने को मिलते हैं।

कार से आया चोर ले गया माता का चांदी का मुकुट

नारनौल। आजकल चोर भी वीआईपी हो गए हैं। वह चोरी करने पैदल या किसी छोटे वाहन से नहीं आते। कुछ ऐसा ही नजारा शहर के वार्ड नंबर एक में शामिल ढाणी किरारोद अफगान में देखने को मिला। सीसीटीवी फुटेज में देखने को मिला कि मध्य रात्रि को एक अनजान चोर स्वीफ्ट कार से आया तथा गांव के मंदिर में घुसा। मंदिर से चोर माता का चांदी का मुकुट चोरी कर दबे पांवों से आसानी से निकल गया, लेकिन इसकी हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, लेकिन पिक्चर साफ नहीं होने के कारण चोर एवं कार समझ नहीं आ रहे कि यह कौन व्यक्ति था। फिलहाल चोरी को लेकर ग्रामीणों में रोष बना हुआ है तथा उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की है।

सड़क हादसे में बाप-बेटा घायल

कनीना। कनीना-ककराला सड़क मार्ग पर हादसे में बाप-बेटा घायल हो गए। मोटर वाइंडिंग का कार्य करने वाले हवासिंह ने सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पुत्र कुणाल के साथ जा रहा था, उनकी बाइक खराब हो गई। जिसे सड़क से नीचे उतार कर जांच कर रहे थे, तभी तेज गति से आई कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में पिता-पुत्र दोनों घायल हो गए, वहीं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद आरोपित गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

बसपा कैथल में करेगी संविधान बचाओ गोष्ठी

मंडी अटेली। बसपा द्वारा 30 मार्च को कैथल की अनाज मंडी में प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ संकल्प विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए महेंद्रगढ़ जिला अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने बताया कि प्रदेश स्तरीय इस विचार गोष्ठी में आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों को रखा जाएगा, जिसमें इस रैली में प्रदेश भर भारी तादात में लोग पहुंचेंगे, जिसको लेकर जिला महेंद्रगढ़ से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचेंगे।

सरसों खरीद के साथ खरीद एजेंसियों का लिफ्टिंग पर जोर, रात के समय किया जा रहा उठान

रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड ने 10200 और कोसली व बावल में वेयरहाउस ने खरीदी 9 हजार क्विंटल सरसों

अनाजमंडी में फड के पास खड़ी ट्रैक्टर-ट्रालियां भी परेशानी बनी हुई है। खाली होने के बाद भी किसान अपने ट्रैक्टरों को दूसरी जगह खड़ा नहीं कर रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/कोसली/बावल

रेवाड़ी। कोसली अनाजमंडी में सरसों का उठान करते हुए कर्मचारी व रेवाड़ी अनाजमंडी में रात को सरसों के बैग का उठान करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

जिले की रेवाड़ी, कोसली व बावल अनाजमंडी में सरसों की आवक लगातार बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को अनाजमंड़ियों में सरसों की काफी आवक हुई। किसान सरसों के साथ गेहूं में की कटाई में लगे हुए है। एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद भी शुरू होने वाली है। जिले की तीनों मंडियों में एमएसपी 5950 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से सरसों की खरीद की जा रही है। खरीदी गई सरसों की लिफ्टिंग का कार्य भी साथ ही चल रहा है। शक्रवार को रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड की ओर से वीरवार को 535 किसानों से 10200 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। हैफेड की ओर से अभी तक 51146 हजार क्विंटल से अधिक सरसों की खरीद की जा चुकी है। बावल अनाजमंडी में वेयर हाउस कारपोरेशन की ओर से शुक्रवार को 122 किसानों से 2490 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। वेयरहाउस से परचेजर सुरेन्द्र ने बताया कि अब तक 9670 क्विंटल सरसों खरीदी जा चुकी है। शुक्रवार को 3000 बैग का उठान भी किया गया। ओपन में भी अब तक करीब 47 हजार क्विंटल से अधिक सरसों बेची जा चुकी है।

रेवाड़ी। रेवाड़ी अनाजमंडी में सड़क तक डाली गई सरसों। फोटो : हरिभूमि

कोसली मंडी में 6627 क्विंटल सरसों की खरीद

कोसली अनाज मंडी में सरसों की खरीद शुरू होने के बाद भारी आवक हो रही है। मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र यादव ने बताया कि मार्केट कमेटी की ओर से अब तक 3349 किसानों के 67424 क्विंटल सरसों के गेट पास जारी किए चुके हैं। खरीद करने वाली एजेंसी के खरीद अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि वीरवार शाम तक 25217 किवंटल सरसों की खरीद हुई थी। शुक्रवार को शाम तक 6627 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी थी। टैग उपलब्ध होने के बाद सरसों का उठान भी शुरू हो गया है। वेयरहाउस के नवल यादव ने बताया कि मंडी से 7873 बैग्स का उठान भी हो चुका है, जिसे रेवाड़ी के रामपुरा स्थित गोदाम में भेजा गया है। मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र यादव ने बताया कि एक अप्रैल से गेहूं की खरीद भी निर्धारित गेहूं के समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रारंभ हो जाएगी।

60 प्रतिशत सरसों का उठान हो चुका

हैफेड की ओर से अभी तक 51146 हजार क्विंटल सरसों की खरीद की गई है, जिसमें 60 प्रतिशत सरसों का उठान किया जा चुका है। कोसली में 7873 बैग्स का उठान हो चुका है। बावल अनाजमंडी में 9670 क्विंटल सरसों की खरीद हुई है तथा 5000 बैग का उठान हो चुका है। फड पर जगह नहीं होने के कारण किसानों की सरसों सड़क पर भी डाली जा रही है। अनाजमंडी में फड के पास खड़ी ट्रैक्टर-ट्रालियां भी परेशानी बनी हुई है। खाली होने के बाद भी किसान अपने ट्रैक्टरों को दूसरी जगह खड़ा नहीं कर रहे है,जिससे अनाजमंडी के मुख्य गेट पर जाम लग रहा है।

दिन दहाड़े व्यापारी के घर में घुसे चोर, फोन लेकर फरार

- दोनों आरोपी सीसीटीवी कैमरे में नजर आए, परंतु उनकी पहचान नहीं हो सकी

रेवाड़ी। गंज बाजार में दिन दहाड़े दो व्यक्ति एक व्यापारी के मकान में घुस गए। उस समय घर में करीब 6 साल की बच्ची मौजूद थी। दोनों उसकी पत्नी का मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। इस वारदात से व्यापारियों में रोष देखने को मिल रहा है। दोनों आरोपी सीसीटीवी कैमरे में नजर आए, परंतु उनकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस शिकायत में रमन अग्रवाल ने बताया कि उसकी गंज बाजार में दुकान है। दुकान के ऊपर ही उसका मकान है। वीरवार को उसके घर पर परिवार के तीन सदस्य मौजूद थे, परंतु वह अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त थे। करीब 6 साल की बच्ची घर पर मौजूद थी। इसी दौरान दो व्यक्ति उसके मकान में घुस गए। दोनों दो से तीन मिनट तक उसके मकान में रहे। बाद में वह उसकी पत्नी का मोबाइल फोन लेकर चले गए।

उसने पुलिस शिकायत में बताया कि व्यस्त बाजार में इस तरह दो लोगों का मकान में घुस जाना किसी सनसनी से कम नहीं है।

सीसीटीवी फुटेज में दोनों आरोपी लगभग तीन मिनट तक मकान में रहे। वह किसी बड़ी घटना को भी अंजाम दे सकते थे।

छात्राएं पढ़ाई के साथ अपने कौशल विकसित करें

- आरडीएस गर्ल्स कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई की ओर से कोनसीवास के राजकीय स्कूल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डा. ज्योति यादव तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डा. सत्यमनु यादव और डा. सुनीता हिंदी विभागाध्यक्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डा. दलबीर सिंह ने की। इस मौके पर मुख्यातिथि डा. ज्योति यादव ने कहा कि छात्राएं अपनी पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकसित करें तथा अपनी संस्कृति से जुड़कर अन्य लोगों का सहयोग करके राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज विकास में योगदान दें। विशिष्ट अतिथि ने छात्राओं से समाज उत्थान से संबंधित गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। मंच संचालन प्रोफेसर मिथिलेश यादव ने किया।

रेवाड़ी। कैंप के समापन पर अतिथियों व शिक्षकों के साथ छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम अधिकारी डा. पिंकी शर्मा ने एनएसएस की सात दिवसीय रिपोर्ट प्रस्तुत की। असिस्टेंट प्रोफेसर क्रांति शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। लोकेश्वर शर्मा ने गांव कोनसीवास के मुखिया सुनील कुमार व उनकी धर्मपत्नी उर्मिला देवी को शिविर के सफल आयोजन के लिए बधाई दी गई। इस अवसर पर अनेक ग्रामीण भी उपस्थित थे।

महाशय भीमसिंह की स्मृति में समारोह 6 को

रेवाड़ी। जिले के गांव लिसान में जन्मे जाने-माने रेडियो सिंगर तथा होली गायक महाशय भीमसिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि पर 6 अप्रैल को गांव दखोरा के शिव मंदिर में प्रातः 9 बजे स्मृति समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें उनके सभी शिष्य रागनी गायन के माध्यम से उन्हें स्वरांजलि देंगे। समारोह के संयोजक महाशय रामसिंह दखोरिया ने बताया कि आध्यात्मिक विचारक बाबा हरिहर आनंद की अध्यक्षता में होने वाले कार्यक्रम में क्षेत्र के संस्कृति तथा रागिनी प्रेमी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि महाशय भीमसिंह स्मृति मंच के तत्वावधान में होने वाले समारोह में उनके दो शिष्यों को महाशय भीमसिंह स्मृति पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

सांसद सुमन का पुतला फूंका

- राणा सांगा पर की गई टिप्पणी पर राजपूत समाज ने विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी। महाराणा प्रताप चौक पर सांसद का पुतला फूंकते युवा। फोटो : हरिभूमि

समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन की ओर से राज्यसभा में राणा सांगा को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में राजपूत समाज की ओर से प्रदर्शन करके सांसद का पुतला फूंका गया। शुक्रवार सुबह राजपूत समाज के युवा बावल रोड स्थित महाराणा प्रताप चौक पर एकत्रित हुए तथा प्रदर्शन करके विरोध जताया। राजपूत समाज के युवाओं ने योद्धाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान व रामजीलाल सुमन मुदार्बाद के नारें लगाते हुए सांसद का पुतला फूंका। युवाओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सांसद ने महान योद्धा राणा सांगा के बारे में की गई टिप्पणी पर माफी नहीं मांगी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। युवाओं ने कहा कि सांसद सुमन ने देश के गौरव राणा सांगा पर अमर्यादित टिप्पणी करके देश को अपमानित किया है। राणा सांगा की देश के प्रति निष्ठा सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत रही है। युवाओं ने कहा कि राणा सांगा ने अनेक लड़ाइयां लड़ी थी। उन्होंने सांसद सुमन की लोकसभा सदस्यता समाप्त करने की भी मांग की तथा भविष्य में कोई भी जनप्रतिनिधि इस प्रकार की भ्रामक और अपमानजनक टिप्पणी न करे, इसके लिए कड़े कानून बनाया जाए। इस अवसर पर पवन चौहान, एडवोकेट देवेंद्र तंवर, प्रदीप तंवर, एडवोकेट संदीप चौहान, निलेश चौहान, प्रवीण चौहान, राज चौहान, रोहन चौहान, आकाश चौहान, सूरज, लाला राजपूत, महेश व आकाश तंवर सहित राजपूत समाज के अनेक युवा शामिल थे।

जाटूसाना में शहीदों को समर्पित कार्यक्रम 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले के खंड जाटूसाना कार्यालय में 30 मार्च को प्रातः 9:15 बजे शहीदों को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शहीद चंद्रशेखर, शहीद भगत सिंह, शहीद राव तुलाराम एवं राष्ट्रभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया जाएगा। इस मौके पर शहीदों को समर्पित रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा तथा खंड जाटूसाना के सभी गांवों के शहीद परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। शहीद सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आरती राव तथा विशिष्ट अतिथि अनिल यादव विधायक कोसली होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरोज यादव चेयरपर्सन पंचायत समिति ब्लॉकजाटूसाना करेंगी।

प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में आकांशा व पकंज की टीम बनी विजेता

रेवाड़ी। अहीर कॉलेज में शुक्रवार को अर्थशास्त्र विभाग की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्राचार्या डा. उर्मिल शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि डा. मुक्ता अरोड़ा रही। प्राचार्या डा. शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। डा. अरोड़ा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वाश बढ़ाती हैं। डा. अल्पना यादव विभागाध्यक्षा अर्थशास्त्र विभाग ने बताया कि प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया, जिसमें आकांशा व पंकज की टीम ने प्रथम, प्रेरणा व तान्या की टीम ने द्वितीय तथा दीक्षा व मुस्कान की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में डा. संगीता राव, मीनाक्षी गोयल, डा. जयभगवान व डा. सुनीता यादव शामिल थे।

खेत से किसान की सरसों दो स्थानों से बाइक चोरी

- पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू की

रेवाड़ी। चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोर एक किसान के खेत से हजारों रुपये की सरसों और दो स्थानों से बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी।

हिसार की इंद्रा कॉलोनी निवासी इंदुबाला ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी महेश्वरी धारूहेड़ा में एक फर्म है। फर्म की बाइक को उसका कर्मचारी सुनील यूज करता है। सुनील ने बाइक फर्म के ऑफिस के बाहर खड़ी की थी, जिसे मौका पाकर चोर लेकर फरार हो गए। ड्यूढई निवासी हनुवंत सिंह ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसका खेत दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे से कुछ दूरी पर एक होटल के पास है।

घर के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

बावल। सुलखा निवासी विजयसिंह ने रामपुरा पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसका मकान सेक्टर-2 में है। उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। जब वह घर से बाहर निकला तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। कसोला पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बाइक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

जागरूक जल की गुणवत्ता व जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी दी

महिलाएं हरी सब्जियां और शुद्ध जल का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें

महिलाओं को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी। महिलाओं को जानकारी देते हुए खंड संसाधन संयोजक जितेंद्र कुमार।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से खंड डहीना के गांव सीहा में सर्कल लेवल मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें आंगनबाड़ी वर्कर्रों के साथ-साथ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन से खंड संसाधन संयोजक जितेंद्र कुमार ने भाग लिया। उनआंगनबाड़ी वर्कर्रों और महिलाओं को जल संरक्षण, जल की गुणवत्ता व जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी दी। साथ ही पानी की बबार्दी रोकने व जल संरक्षण के लिए जागरूक किया। इस कार्य में आंगनबाड़ी वर्कर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

ये मौजूद रहे

आंगनबाड़ी सुपरवाइजर प्रियंका यादव ने कहा कि महिलाएं हरी सब्जियां और शुद्ध जल का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें और जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के साथ अपने आंगनबाडी केंद्रों व घरों के आसपास गंदगी न होने दे। इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्कर ममता देवी, कमलेश देवी, कृष्ण देवी, अनुराधा, सरोज देवी, सरिता, प्रमिला देवी, सुमित्रा देवी, बिमला देवी व रोशनी देवी सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।

मारपीट व धमकी देने पर दोषी युवक को तीन साल की कैद

- 11 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है

कोसली। कोसली में करीब चार साल पहले हुई मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में प्रथम श्रेणी न्यायाधीश निशा ने दोषी युवक को तीन साल की कैद तथा 11 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। आरोपी पहले से ही जेल में बंद हैं।

शहादत नगर निवासी रवि फरवरी 2021 में अपने गांव से कोसली की ओर पैदल अपने दोस्तों के साथ जा रहा था। रास्ते में प्रवीन पंघाल नामक युवक ने तेज गाड़ी चलाते हुए पहले तो रवि को टक्कर मार दी और फिर बेवजह झगड़ा करने लगा। थोड़ी देर बाद प्रवीन पंघाल अपने और साथियों को बुला लाया तथा रवि के साथ मारपीट की तथा रवि को जान मारने की धमकी दी। गहरी चोट लगने की वजह से रवि को फ्रेक्चर हो गया था। इस मामले में कोसली पुलिस ने पांच युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। कोसली कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद न्यायाधीश निशा ने एक आरोपी प्रवीन को दोषी करार दिया और उसे तीन साल जेल की सजा सुनाई है। दोषी युवक को 11 हजार रुपये जुर्माना अदा करना होगा। इस मुकदमे में सहायक न्यायवादी डा. प्रदीप कुमार ने पीड़ित पक्ष की ओर से कोर्ट में पैरवी की थी।

खबर संक्षेप

रामगढ़ में फसल काटने आए श्रमिक का मूक-बधिर लड़का लापता

रेवाड़ी। रामगढ़ में फसल कटाई का कार्य कर रहे बिहार के एक श्रमिक का 15 वर्षीय मूक-बधिर लड़का अचानक गायब हो गया। बिहार के श्रीपुर निवासी फटुश ऋषि ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह रामगढ़ में कई दिनों से फसल कटाई का कार्य कर रहा है। गांव निवासी जयविंद्र के प्लॉट में वह परिवार सहित रह रहा है। उसका बेटा अमर मूक-बधिर है, जो 23 मार्च को बिना बताए कहीं चला गया। वह सुन और बोल नहीं सकता। सदर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद लड़के का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

पहराजवास गांव में कमरे में रखे संदूक से जेवर व नकदी चोरी

जाटूसाना। पहराजवास गांव में रात के समय मकान के कमरे में रखी संदूक से जेवर व नकदी चोरी हो गए। पुलिस शिकायत में अक्षय कुमार ने बताया कि रात को वह और उसके परिवार के सदस्य खाना खाने के बाद सो गए थे। सुबह जब वह उठे तो कमरे में रखी संदूक का ढक्कन खुला हुआ था। संदूक से चांदी के जेवर व 5 हजार रुपये गायब थे। उसने पूछताछ की तो आंगनबाड़ी वर्कर कमलेश ने बताया कि उसकी आंगनबाड़ी का ताला भी टूटा हुआ मिला है, परंतु वहां से कोई सामान चोरी नहीं हुआ है। रोहड़ाई थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

कर्णकुंज गुर्जर घटाल से युवक लापता

धारूहेड़ा। गुर्जर घटाल स्थित कर्णकुंज से करीब 24 वर्षीय युवक घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में सोभनाथ तिवारी ने बताया कि उसका बेटा साहिल तिवारी घर पर अकेला था। 23 मार्च को जब वह घर आया तो उसका बेटा घर पर नहीं मिला। उसके पास मोबाइल फोन है, जो बंद आ रहा है। वह अपने बेटे की काफी तलाश कर चुका है। उसका कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा है। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

दुर्गा कॉलोनी में मकान से सबमर्सीबल पंप चुराए

रेवाड़ी। दुर्गा कॉलोनी में चोर एक मकान से सबमर्सीबल पंप चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में उधम सिंह ने बताया कि उसके दुकान के किराएदार ने उसे फोन पर बताया कि सबमर्सीबल मोटर चोरी हो गई है। इसके बाद वह मौके पर पहुंचा तो पाइपों के कटे हुए टुकड़े व मोटर बांधने की रस्सी कटी हुई पड़ी थी। उसने आसपास पड़ोस के लोगों से मोटर के बारे में पूछताछ की, परंतु चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

डीएसपी ने कोसली व काहन्डवास में ग्रामीणों को नशा, साइबर फ्रॉड को लेकर जागरूक किया

समाज को नशा मुक्त करने में ग्राम पंचायतें संस्थाएं व यूथ क्लब अग्रणी भूमिका निभाएं

डीएसपी ने कहा, सभी लोग जिम्मेदारी निभाएं तथा नशे के खिलाफ मुहिम में पूर्ण सहयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रेवाड़ी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीएसपी विद्यानंद ।फोटो : हरिभूमि

डीएसपी कोसली विद्यानंद ने टीम सहित शुक्रवार को गांव कोसली व काहन्डवास का ग्रामीण भ्रमण किया तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान कोसली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कश्मीर सिंह व डीएसपी रीडर एएसआई सुनील कुमार भी मौजूद थे। डीएसपी विद्यानंद ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही अपराध पर अंकुश, महिला सुरक्षा, नशे पर रोकथाम पुलिस की प्राथमिकता है। नशा समाज का सांझा दुश्मन है, इसलिए समाज से नशे को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए सभी लोग अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएं तथा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में पूर्ण सहयोग करें। डीएसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सभी ग्राम पंचायतें, सामाजिक संस्थाएं तथा यूथ क्लब अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके। डीएसपी ने कहा कि जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं, जिसके तहत नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है तथा युवाओं को विभिन्न खेल गतिविधियों तथा कार्यक्रमों के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, वहीं अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की गई है, जिनका प्रशासन की मदद से इलाज कराकर समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल में है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर पुलिस को दें, पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मां-बाप भी अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें तथा अपने बच्चों को नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद की गतिविधियों में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

साइबर क्राइम के शिकार होने पर हेल्पलाइन का सहारा लें

डीएसपी ने कहा सभी साइबर अपराधों से स्वयं को दूर रखे, सोशल मीडिया पर अन्जान लोगो से फ्रैंड व फॉलो रिक्वेस्ट असेप्ट न करे तथा अपनी गोपनीय जानकारी किसी को न दे। किसी भी साइबर अपराध के घटित होने की सूरत में तुरंत हेल्पलाईन नंबर 1930 पर काल करे या पुलिस की साइबर क्राइम की वेबसाइट पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने कहा कि महिला विरुद्ध अपराधों पर पुलिस द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। महिलाओं को भी उनके अधिकारों व कानूनों की जानकारी दी जा रही है। महिला थाना व महिला हेल्पलाइन 1091 व डायल 112 पीड़ित की मदद के लिए है। महिलाएं कभी भी अपनी शिकायत दे सकती है। कहीं भी मनचलों व असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान करने या कहीं भी जमावड़ा रहने पर इसकी जानकारी पुलिस को दें। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मौजिज व्यक्तियों से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील भी की।

पुलिस की ईआरवी को ट्रक ने मारी टक्कर पुलिसकर्मी घायल

रेवाड़ी। गुरावड़ा फ्लाईओवर के पास पुलिस की ईआरवी को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ईआरवी का चालक घायल हो गया। बाद में पुलिस ने मौके से भाग रहे चालक को ट्रक सहित काबू कर लिया। उसके खिलाफ रोहड़ाई थाने में केस दर्ज कराया गया है।पुलिस शिकायत में ईएचसी राजीव कुमार ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान 4-5 बाइक एक साथ आते हुए दिखाई दीं।

बाइक चालकों को चेक करने के लिए रुकने का इशारा किया तो वह फ्लाईओवर के आगे जाकर रुक गए। जब बाइक चालकों से पूछताछ की जा रही थी तो एक ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी ईआरवी को टक्कर मार दी। ईआरवी में बैठा चालक कर्मबीर हादसे में घायल हो गया। पुलिस की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई।चालक ट्रक लेकर मौके से भागने लगा। पीछा करते हुए पुलिस ने चालक को काबू कर लिया। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम ऋषिकेश निवासी गामा राज बहार बताया। उसे गिरफ्तार करने के बाद रोहड़ाई थाने में उसके खिलाफ केस दर्ज करा दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नसीबपुर में शहीद स्मारक बनाने की मांग उठाई

■ हरियाणा रोडवेज डिपो सांझा मोर्चा की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी। बैठक में मौजूद हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा रोडवेज डिपो सांझा मोर्चा की मीटिंग शुक्रवार को डिपो चेयरमैन निरंजन मोहदीपुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमे सभी ने हरियाणा विधानसभा में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के बयान की निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि राव नरबीर सिंह का विधानसभा में दिया गया बयान समूचे अहीरवाल के लिए ही नहीं बल्कि यह पूरे देश के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। वक्ताओं ने कहा कि नारनौल के नसीबपुर में प्रदेश स्तरीय स्मारक बनाने के मुद्दे को तमाशा न बनाया जाए। स्मारक बनाना समस्त अहीरवाल के लिए राष्ट्रीय सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि अमर शहीद राव तुलाराम अहीरवाल का गौरव थे, उनके नेतृत्व में ही नसीबपुर की धरती पर अंग्रेजों से देश के लिए आजादी की लड़ाई लड़ी गई थी और इस लड़ाई में अहीरवाल के लगभग 5000 सैनिकों ने अपना बलिदान दिया था। सांझा मोर्चा ने हरियाणा सरकार से नसीबपुर की धरती पर शहीद सैनिकों के सम्मान में राष्ट्रीय स्तर का शहीदी स्मारक बनाने की मांग की। इस मौके पर हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के राज्य सचिव यशपाल यादव, इंटक के राज्य सचिव नरेश मांदी, मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के राज्य सचिव चिराग यादव, हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के डिपो प्रधान प्रवीण बालधन, हरियाणा रोडवेज परिचालक संघ के डिपो प्रधान जितेंद्र पावटी, जागृति मंच के डिपो प्रधान यशबीर यादव, योगेश भांकरी व वीरेंद्र टूमना सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

जिला उपायुक्त ने ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। वेयरहाउस में अधिकारियों को निर्देश देते डीसी। फोटो : हरिभूमि

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ पुराना कोर्ट परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा सहित सीसीटीवी कैमरों व साफ सफाई सहित सभी व्यवस्थाओं की जांच की। डीसी ने कहा कि वेयर हाउस की सुरक्षा चाक-चौबंद होनी चाहिए और सीसीटीवी कैमरे भी एक्टिव रहें। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए। डीसी ने अधिकारियों से वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एक्सटिंगिशर व सीसीटीवी से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कंट्रोल रूम में सीसीटीवी रिकॉर्डिंग की भी जांच की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार चुनाव अजय कुमार, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन सतेंद्र कुमार व कानूनगो संजय सहित पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, पीपीपी और कब्जों की शिकायतों पर सुनवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए डीसी अभिषेक मीणा

शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में डीसी मीणा ने एडीसी अनुपमा अंजलि, डीएमसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेंद्र सिंह व डीएसपी जोगेंद्र शर्मा के साथ नागरिकों की समस्याओं को सुनकर समाधान के निर्देश दिए। डीसी ने शहर के लक्ष्मी नगर में सीवर लाइन की रिपेयरिंग करने व बधराना गांव में रास्ते की पैमाइश कराकर अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। शिविर में नागरिकों ने प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियां, अवैध कब्जे, परिवार पहचान पत्र अपडेशन जैसी शिकायतें दर्ज कराई। डीसी ने अधिकारियों को शिकायतों का निपटारा तत्काल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और समाधान शिविर इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। शिविर में ग्रामीण विकास, शहरी स्थानीय निकाय, राजस्व व पुलिस से संबंधित शिकायतें भी दर्ज हुई, जिन्हें समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अपलोड भी किया गया।

अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ित को समय पर उपलब्ध करवाएं सहायता: डीसी

■ डीसी अभिषेक मीणा अध्यक्षता में सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने बैठक में अब तक अत्याचार अधिनियम 1989 के अंतर्गत पीड़ित व्यक्तियों को दी गई राहत और पुनर्वास सुविधाएं तथा उनसे संबंधित अन्य मामलों के क्रियान्वयन के बारे में कमेटी के सदस्यों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि पीड़ित व्यक्तियों को नियमों व अत्याचार अधिनियम के तहत उनकी सहायता करने में संबंधित विभाग के अधिकारी देरी न करें। इसके लिए अधिकारी आपस में तालमेल स्थापित कर कार्य करें। इस अधिनियम के अधीन गैर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर अत्याचार किये जाने के फलस्वरूप आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि विभिन्न प्रकार के अत्याचारों जैसे मारपीट, छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार, दुष्कर्म तथा हत्या आदि के घटित होने पर प्रदान की जाती है। समाज में ऐसी घटनाएं न हो, इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम संबंधित गतिविधियां कराई जानी चाहिए। स्कूलों में विद्यार्थियों को भी जागरूक करें। डीसी ने कहा कि एससी एसटी एक्ट में दर्ज मुकदमों में समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। प्रकरण दर्ज होने पर त्वरित रूप से तहरीर की कार्यवाही करें।

साइक्लोथॉन-2.0 में हिस्सा लेने के लिए हरियाणा उदय पोर्टल पर करें रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा

हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर एक साइकिल यात्रा नशा मुक्ति के नाम-थीम से साइक्लोथॉन-2.0 आगामी 8 अप्रैल को जिला रेवाड़ी में प्रवेश करेगी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि साइक्लोथॉन-2.0 में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया गया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कर सकता है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। डीसी ने जिले के ग्राम पंचायतों, कॉलेज, स्कूल, एनजीओ, विभिन्न एसोसिएशन व नशा मुक्ति केंद्र आदि से ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम में शामिल होते हुए इस यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जिलावासी उदय.हरियाणा.जीओवी.इन पर रजिस्ट्रेशन करें।डीसी मीणा ने बताया कि साइक्लोथॉन 8 अप्रैल को नारनौल रोड से जिला रेवाड़ी की सीमा में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन का उद्देश्य नशा मुक्त हरियाणा का संदेश हर घर तक पहुंचाना है और इसके लिए स्थानीय युवाओं, छात्रों, खिलाड़ियों, और सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं को जोड़ा जाएगा।

गवर्नमेंट ब्वायज स्कूल में समारोह के दौरान दिखाई प्रतिभा

■ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया, छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



डीईओ कपिल पूनिया।

शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया व विशिष्ट अतिथि डा. दिनेश गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी रेवाड़ी व एसएमसी अध्यक्ष गिरीश भारद्वाज थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. नम्रता सचदेवा ने की। प्राचार्या ने बताया कि विद्यालय में लगभग 565 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। 36 अनुभवी शिक्षकों का दल इस संस्था की सेवा में समर्पित है। डीईओ कपिल पूनिया ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सहशैक्षणिक क्षेत्र जैसे सांस्कृतिक, खेलकूद एवं कला के क्षेत्र में भी इस विद्यालय के विद्यार्थियों ने जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अमिट छाप बनाए हुए हैं। शिक्षाविद मनोज वशिष्ठ ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्था के स्तर को जानने के लिए उसका मुख्य पैमाना उसके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम ही हुआ करते हैं। विद्यालय के परीक्षा परिणाम हमेशा सराहनीय उत्कृष्ट रहे हैं।

उन्होंने बताया कि छठी में सत्यम कुमार पासवान ने प्रथम स्थान पाकर स्वर्ण पदक, अमित सैनी ने द्वितीय स्थान पाकर रजत पदक तथा संजीत कुमार ने तृतीय स्थान पर रहकर कांस्य पदक जीता है। सातवीं में साहिल ने प्रथम, सचिन ने द्वितीय व जीशान ने तृतीय स्थान पाया। आठवीं में हरिवंश ने प्रथम,सार्थक ने द्वितीय व विपुल ने तृतीय स्थान हासिल किया। नवीं कक्षा में कुणाल ने प्रथम, अनिल ने द्वितीय तथा दीपेंद्र ने तृतीय स्थान, ग्यारहवीं कक्षा में हरिओम ने प्रथम, रोहन ने द्वितीय व तरुण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। अपने विषय में शत-प्रतिशत रिजल्ट देने वाले सभी शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन मनोज वशिष्ठ और बबीता ने किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

योग प्रथम राष्ट्रीय योगासन खेल प्रतियोगिता में दिखाई योग की क्रियाएं

प्रशिक्षकों ने नीदरलैंड योगासन खेलों में की प्रतिभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी। भारतीय दूतावास में एंबेसडर कुमार तुहिन से मिलते भातरीय कोच।

यूरोपीय महाद्वीप में पहली बार योगासन खेल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल पीस ऑफ जस्टिस के शहर देन हाग नीदरलैंड की श्री विष्णु स्कूल में 23 मार्च को किया गया। प्रथम राष्ट्रीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन नीदरलैंड्स योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से वर्ल्ड योगासन के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता व योग प्रशिक्षण के लिए योगासन भारत की ओर से चार राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षित कोच नीदरलैंड भेजे गए, जिसका नेतृत्व रेवाड़ी के राष्ट्रीय योगासन कोच व नव सृष्टि योग एव शोध संस्थान के डा. युद्धवीर ने किया।

डा. युद्धवीर ने बताया कि योगासन भारत के महासचिव योगाचार्य डा. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में योगासन कोच वंदना देवरा राजस्थान, इंदु मथुरिया उतरप्रदेश तथा विष्णु चक्रवर्ती तमिलनाडु को भेजा गया। प्रतियोगिता का आयोजन नीदरलैंड्स योगासन खेल संघ की अध्यक्षा प्रणिता देशपांडे की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें सचिव डा. मानसी मोरली तथा पीआरओ मयूर मूले में विशेष भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में कुल 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी योगासन कोच ने योगासन खेल के प्रचार प्रसार के लिए भारतीय दूतावास में एंबेसडर कुमार तुहिन से विचार विमर्श किया। नीदरलैंड की सहयोगी संस्थाओं, शिवा मंदिर की मुख्य पुजारी ज्योतिषाचार्य अवि शर्मा सहित नीदरलैंड्स योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मुख्य कार्यकर्ता लक्ष्मी मेनन, लौरा, गायत्री, अंबिका, फ्लेशिया, अंबिका, वंदना देवरा तथा लोटे शासित ने महासचिव डा.जयदीप आर्य व सभी खिलाड़ियों का धन्यवाद

लावण्या फाउंडेशन का दो दिवसीय नाट्य उत्सव आज से

रेवाड़ी। विश्व रंगमंच दिवस के उपलक्ष्य में लावण्या फाउंडेशन की ओर से मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में 29 व 30 मार्च को शाम 6:30 बजे दो दिवसीय नाट्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। नाटक सामाजिक और पारिवारिक महत्व पर आधारित होंगे। संस्था के प्रधान दीपक ने बताया कि 29 मार्च को नाट्य उत्सव के पहले दिन 'काली सलवार' नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी।

ग्राम पंचायत कतोपुरी बुजुर्ग
खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)
निविदा सूचना

ग्राम पंचायत कतोपुरी बुजुर्ग, खण्ड जाटूना, जिला रेवाड़ी द्वारा डोर टू डोर गारबेज कलेक्शन एंड सिग्रेशन का कार्य करवाया जाना है। इच्छुक फर्म / वेंडर दिनांक 05.04.2025 तक अपनी कुटेशन सीलबंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कतोपुरी बुजुर्ग के नाम भेज सकते हैं। जिस पर डोर टू डोर कलैक्शन एंड सिग्रेशन कार्य कुटेशन लिखा हो। प्राप्त कुटेशन का अध्ययन अवलोकन दिनांक 11.04.2025 को प्रातः 11 बजे ग्राम सचिवालय ग्राम पंचायत कतोपुरी बुजुर्ग के कार्यालय में कमेटी के समक्ष किया जाएगा।

हस्ता/- सुनीता देवी, सरपंच, ग्राम पंचायत कतोपुरी बुजुर्ग
खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी), मो. 8901442851

DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
प्लॉट ही प्लॉट
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate
मात्र 16500 - 20000
प्रति वर्ग गज से शुरू
9467141575

खबर संक्षेप

घर के बाहर खड़ी सरपंच की बाइक चोरी

बावल। रसियावास रोड पर चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक चंद मिनटों में चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में नरसिंहपुर गढ़ी के सरपंच धर्मेंद्र ने बताया कि वह पंचायती कार्य के लिए बावल ब्लॉक ऑफिस आया था। खाना खाने के लिए अपनी बुआ के घर रसियावास रोड पर चला गया। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद वह घर के अंदर चला गया। खाना खाने के बाद जब वह घर से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी।

चोरी के दो आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

रेवाड़ी। धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने गत 21 फरवरी को थाना क्षेत्र से बाइक चोरी होने का केस दर्ज किया था। केस की जांच करते हुए पुलिस ने रालियावास निवासी विकास व दीपक को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर चोरी की बाइक बरामद कर ली। दोनों आरोपी एक अन्य मामले में जेल में बंद चले आ रहे हैं। बाद में दोनों को कोर्ट में पेश करते हुए पुलिस ने भोंडसी जेल भेज दिया।

ट्रॉला चालक के खिलाफ दर्ज करवाया केस

धारूहेड़ा। गत 11 मार्च को खिजूरी के पास हुई दो ट्रॉलों की भिड़ंत के बाद पुलिस ने एक ट्रॉला चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। राजस्थान के सराना निवासी ट्रॉला चालक रविंद्र कुमार बैरवा ने बताया कि वह ट्रॉला लेकर पाटन किशनगढ़ से दिल्ली जा रहा था। खिजूरी के पास आगे चल रहे ट्रॉला के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। उसने भी ब्रेक लगाए, परंतु उसका ट्रॉला आगे चल रहे ट्रॉले में घुस गया। आसपास के लोगों ने उसे ट्रॉले की केबिन से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रॉला चालक की तलाश शुरू कर दी।

घर से घूमने के लिए निकला युवक लापता

रेवाड़ी। सुभाष बस्ती कुतुबपुर में घर से घूमने के लिए निकला 25 वर्षीय युवक लापता हो गया। रामपुरा थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में कुलदीप ने बताया कि उसका छोटा भाई संदीप दिमागी तौर पर कमजोर है। वह 26 मार्च को घर से घूमने के लिए निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। शाम तक उसके घर नहीं आने के बाद तलाश शुरू कर गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसके भाई का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

तूने मुझे बुलाया शेरां वालिये कार्यक्रम कल

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से नव संवत के पावन अवसर पर मां दुर्गा की आराधना का कार्यक्रम तूने मुझे बुलाया शेरां वालिये का आयोजन 30 मार्च को पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि नई दिशा युवा मंच के जिला प्रधान एडवोकेट निशांत यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि तथा जिला भाजपा सचिव नीरू भारद्वाज विशिष्टातिथि रहेंगी। संस्था की ओर से एचएमवीए के जिला प्रधान रामरतन यादव, पूर्व नगर प्रधान सरोज भारद्वाज, वरिष्ठ भाजपा नेत्री दीपा भारद्वाज व स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुमारी प्रियंका यादव का अभिनंदन किया जाएगा।

सभी स्कूल खंड स्तरीय प्रतियोगिता में भी चुने गए थे विजेता, डीईओ व बीईओ सहित शिक्षाविदों ने दी स्कूलों को बधाई

सीएम सौंदर्यीकरण योजना में सीनियर में सीहा, हाई में पुसिंका मिडिल में सुबासेड़ी व प्राइमरी में नंदरामपुर स्कूल बना विजेता

- गत शैक्षणिक सत्र में 12वीं विज्ञान संकाय में जिला टॉपर रमन देकर शैक्षणिक क्षेत्र में भी अपने प्रतिभा का लोहा मनवा चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

खंड खोल में मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण योजना में सर्वश्रेष्ठ रहने के बाद सीहा का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शुक्रवार को घोषित किए गए परिणाम में जिला स्तर पर विजेता रहा है। इस उपलब्धि से पहले यह स्कूल युवा संसद, कानूनी साक्षरता, कला उत्सव तथा विज्ञान प्रदर्शनी में राज्य स्तर पर विजेता रहकर जिले को गौरवान्वित करवा चुका है तथा गत शैक्षणिक सत्र में 12वीं विज्ञान संकाय में जिला टॉपर रमन देकर शैक्षणिक क्षेत्र में भी अपने प्रतिभा का लोहा मनवा चुका है। इसके अलावा हाई स्कूलों में खोल खंड से जीजीएचएस पुसिंका, मिडिल में बावल खंड से जीएमएस सुबासेड़ी तथा प्राइमरी में रेवाड़ी खंड से जीपीएस नंदरामपुरा बास को जिला स्तर पर विजेता चुना गया है।

सीहा स्कूल के विद्यालय के स्टाफ सचिव यशपाल आर्य ने बताया कि विद्यालय बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए शैक्षणिक, सांस्कृतिक तथा खेलकूद के क्षेत्र में निरंतर नवाचारों को स्टाफ, विद्यार्थियों तथा स्कूल प्रबंधन समिति की मदद से धरातल पर उतारने की साधना में प्रतिबद्ध रहा है, जिसके अंतर्गत दैनिक प्रेरक प्रार्थना सभा, साप्ताहिक रोचक बालसभा तथा मासिक प्रतिभा प्रोत्साहन व सम्मान समारोह के आयोजनों का सिलसिला गत दो वर्षों से निरंतर जारी है, जिनमें विधायक, एडीसी, एसडीएम, डीआईपीआरओ, सीएमओ, कोसली के पूर्व तथा वर्तमान सीईओ जिला परिषद्, डीएफओ, डीईओ, बीईओ, बीआरसी, जिला बाल कल्याण अधिकारी, जिला प्रमुख, ब्लॉक समिति अध्यक्ष, ग्राम पंचायत, युवा चेतना संगठन के अलावा क्षेत्र की सैंकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यकार, आध्यात्मिक विचारक, संस्कृतिकर्मी तथा शिक्षाविद् शिरकत कर चुके हैं। उन सभी के सुझावों तथा रचनात्मक सहयोग से निरंतर शैक्षणिक नवाचारों को धरातल पर उतरने के लिए सदन प्रक्रिया से कार्य किया जा रहा है, जिनमें एक फोन रोज, एक पेन रोज, प्रिंसिपल ऑफ द डे जैसे नवाचारी प्रकल्पों को डाइट हुसैनपुर तथा एससीईआरटी गुरुग्राम ने अपने शोध प्रकाशनों में स्थान दिया है। इन्हीं प्रतिनिधियों के सहयोग से विद्यालय में चारदीवारी, मिड डे मील कक्ष, टॉयलेट्स, खेल नर्सरी, आरओ व वाटर कूलर अनेक संसाधन उपलब्ध हुए हैं। विद्यालय प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी प्रतिनिधियों के प्रेरक मार्गदर्शन, रचनात्मक सहयोग तथा स्कूल प्रबंधन समिति, स्टाफ अभिभावकों व विद्यार्थियों की टीमवर्क को दिया है। उन्होंने कहा कि अभी विद्यालय में सुधार की बहुआयामी गुंजाइश है, नए शैक्षणिक सत्र में इस गुणात्मक सुधार की प्रतिबद्धता को जारी रखने की साधना जारी रहेगी। डीईओ कपिल पूनिया,बीईओ संतोष तंवर, बीआरसी राकेश वत्स, आध्यात्मिक विचारक स्वामी नरोत्तम दास महाराज, सरपंच सरिता यादव, पूर्व सरपंच विक्रम पांडे, युवा चेतना संगठन के प्रधान नरेश भारद्वाज व एसएमसी के प्रधान नरेश यादव ने खुशी जाहिर करते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी है।

रेवाड़ी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

रंजिश के चलते मारपीट व धमकी, पांच आरोपी काबू

रेवाड़ी। सेक्टर-7 में व्यायाम कर रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बाद में सिटी पुलिस ने पांचों आरोपियों को काबू कर लिया। पुलिस शिकायत में सूबेदार रामपाल ने बताया कि वह व्यायाम के लिए उमा भारती स्कूल के पीछे गया था। वहां कामेश नाम युवक तीन अन्य साथियों को लेकर पहुंच गया। उसके पास लाइसेंसी पिस्तौल थी। उसने व उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट करते हुए उसने शांति विहार निवासी सुंदर को फोन लगाया। उसने उसे सुंदर से माफी मांगने के लिए कहा। इसके बाद पांच जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद महावीर नगर निवासी कामेश व नरेश, फिदेड़ी निवासी विक्रम, माजरा श्योराज निवासी रविंद्र व बिठवाना निवासी अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया।

आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं व बच्चों को दांतों के रखरखाव के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

गांव नाहड़ के आगनबाड़ी केंद्र तथा हरिजन चौपाल में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाहड़ की टीम की ओर से गर्भवती महिलाओं तथा छोटे बच्चों को मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य कैंप में सभी के दांतों का चेकअप कर टिप्स दिए गए। सीएचसी नाहड़ की डेंटल सर्जन डा. मंजूलता के नेतृत्व में गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों को दांतों के रखरखाव व बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। मुंह में होने वाले कैंसर के लक्षणों के बारे में जानकारी की गई। हरिजन चौपाल में आयोजित कार्यक्रम में डा. मंजूलता ने बताया कि महिलाएं शरीर के दूसरे अंगों की तरह दांतों का विशेष ध्यान रखें। खानपान का विशेष ध्यान रखें। संतुलित आहार लें। दिन में दो बार ब्रश करें। तंबाकू व धूम्रपान से दूर रहें। इस अवसर पर डेंटल असिस्टेंट कर्मवीर, एएनएम सुनीता व सुशीला सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रेवाड़ी। आंगनबाड़ी केंद्र में जानकारी देते हुए डॉक्टर।

आठ हजार रुपये में खरीदी थी

चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना सदर पुलिस ने गोकलगढ़ के पास चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बाइक 8 हजार रुपये में खरीदने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बाइक बेचने वाले की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस के अनुसार रात्रि गश्त के दौरान गोकलगढ़ के निकट एक बिना नंबर प्लेट की बाइक आते हुई दिखाई दी। पुलिस ने बाइक रुकवाकर चालक से उसके कागजात दिखाने को कहा। पूछताछ में उसने अपना नाम बालावास जमापुर निवासी दिनेश बताया। वह बाइक के कागजात नहीं दिखा सका। पूछताछ में उसने बताया कि उसने यह बाइक किशनगढ़ निवासी निर्मल से 8 हजार रुपये में खरीदी थी। पुलिस ने चालानिंग मशीन से चेक किया तो पता चला कि यह बाइक राजस्थान से चोरी हुई थी, जिसकी वहां एफआईआर दर्ज है।

रिटायर्ड फौजी के खाते से 20 लाख रुपये निकलवाने का एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

धामलावास के एक रिटायर्ड फौजी के खाते से धोखे से 20 लाख रुपये निकलवाने के आरोपी को रामपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस एक आरोपी बांटखानी निवासी सोनू उर्फ सूरज को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष अक्टूबर माह में पुलिस को दर्ज शिकायत में अर्जुन सिंह ने बताया था कि वह आर्मी से रिटायर्ड है। वह अपने बड़े बेटे के पास रहता है। उसके पंजाब नेशनल बैंक में दो खाते हैं। दोनों खातों में लगभग 24 लाख रुपये जमा थे। वह गत वर्ष 24 अक्टूबर को अपने बेटे के साथ बैंक में पैसे निकलवाने के लिए गया था। उसके खातों से 20 लाख रुपये गायब मिले। पूछताछ करने पर बैंक कर्मियों ने बताया कि यह राशि उसके मोबाइल नंबर यूज करते हुए यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर की गई है। बैंक खाते से लिंक मोबाइल फोन को उसका पोता कपिल यूज करता था। उसने घर आकर कपिल से अपना फोन वापस लिया, तो उसमें उसका सिमकार्ड नहीं मिला। कपिल से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि मोबाइल फोन का सिमकार्ड राजस्थान के पलावा निवासी हिमांशु और बांटखानी निवासी सोनू उर्फ सूरज उसे खाने-पीने का लालच देकर ले गए। इन दोनों ने ही उसके खाते से यूपीआई के जरिए 20 लाख रुपये निकलवाए हैं।

कपिल को दिलाए फोन व बाइक

कपिल ने बताया कि दोनों ने उसे नई बाइक व मोबाइल फोन दिलाए। उस पर दोनों ने काफी पैसा खर्च करते हुए बताया था कि उसके बाबा के खातों से पैसे निकलवाए गए हैं। उसे अपने बाबा को पैसे नहीं निकलवाने के लिए कहा गया था। साथ ही यह भी बताया गया कि दोनों ने उसके बाबा के खातों से निकाले गए पैसे खर्च कर दिए हैं। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने हिमांशु को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

कैटरिंग का ठेका लेने के बाद भी नहीं पहुंचा एसपी के आदेश पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

- सूबेदार मेजर ने आरोप लगाया कि कैटरर के कारण उसे लगभग 15 लाख रुपये का नुकसान हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शादी में कैटरिंग का ठेका व एडवांस लेने के बावजूद भी नहीं पहुंचने के आरोप में थाना सदर पुलिस ने एक कैटरर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। यह मामला एसपी के आदेश पर दर्ज किया गया है, जिसकी जांच शुरू कर दी गई है।

एसपी को प्रेषित पत्र में रिटायर्ड सूबेदार मेजर बोड़यिा कमालपुर निवासी उदयभान ने बताया कि गत वर्ष 10 दिसंबर को उसके बेटे की शादी थी। लगन प्रोग्राम 8 दिसंबर को बूढ़पुर के पास एक वाटिका में था। उसने कंकरवाली निवासी कैटरर राकेश मेहता को शादी में खाना तैयार करने का ठेका 4 लाख रुपये में दिया था।

उसने लगभग 3 लाख रुपये की राशि अग्रिम भुगतान के लिए दे दी थी। शादी में 1300 से 1500 रुपये और लगन समारोह में 400 से 500 लोगों का खाना तैयार करने की बात हुई थी।

मीनू भी फाइनल हो गया था। उसने आरोप लगाया कि खाना तैयार करने वाले दिन राकेश हलवाई नहीं पहुंचा। उससे संपर्क करने का प्रयास किया, तो उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा था। घर जाकर पूछताछ करने का प्रयास किया तो वह अपने घर पर भी नहीं मिला। हलवाई नहीं आने से उसकी इज्जत दाव पर लग गई थी, जिस कारण उसे गुरुग्राम से 8 लाख रुपये में हलवाई बुलाना पड़ा। सूबेदार मेजर ने आरोप लगाया कि कैटरर के कारण उसे लगभग 15 लाख रुपये का नुकसान हो गया।

शिकायत के बावजूद एक्शन नहीं लिया

सूबेदार मेजर उदयभान ने बताया कि उसने इसकी शिकायत गत 7 जनवरी को डीएसपी को दी थी, परंतु उस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। एसपी ने शिकायत को कार्रवाई के लिए सदर थाने भेज दिया। सदर थाना पुलिस ने एसपी के आदेश पर कैटरर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच के लिए आरोपी की तलाश कर रही है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी कैटरर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही उसे काबू करते हुए पूछताछ की जाएगी।

आसमान में गहरे बादल छाने की संभावना, हवाओं की रफ्तार भी हो सकती तेज

तापमान में गिरावट से राहत, आज मौसम में बदलाव की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दो दिन से तापमान में गिरावट आने से गर्मी से राहत मिलने लगी है। कमजोर विक्षोभ के सक्रिय होने से हवाओं की रफ्तार बढ़ी है, जबकि तापमान में गिरावट आई है। 29 मार्च को पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने से आसमान में गहरे या आंशिक बादल छा सकते हैं। हवाओं की गति 24 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। कुछ इलाकों में बादलों के बीच बूंदाबांदी भी हो सकती है। इस दौरान तापमान में और गिरावट आने की संभावना जताई जा रही है। विक्षोभ की सक्रियता के कारण बीते वीरवार को शाम के समय आंशिक बादल छा गए थे। सप्ताह के मध्य अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री सेल्सियस तक चला गया था, जिससे मई माह की तरह गर्म हवाओं ने पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए थे। गत वीरवार को तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की कमी आई। शुक्रवार को तापमान में और गिरावट आने से भारी गर्मी से काफी हद तक राहत मिल गई। अधिकतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में भी 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। यह 13.5 डिग्री पर आ गया। तापमान में गिरावट के बाद भारी गर्मी का प्रकोप कम हो गया।

सुबह के समय मौसम अनुकूल बना रहा। दोपहर तक भी भारी गर्मी का असर नहीं रहा।

रेवाड़ी। एक खेत में काटी गई फसल। फोटो :हरिभूमि

दक्षिणी-पश्चिमी हवाओं से बदलेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि पश्चिमी कमजोर विक्षोभ की सक्रियता के चलते दक्षिणी-पश्चिमी दिशा से तेज गति से हवाएं चलेंगी। शनिवार को आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा, परंतु बादलों के बीच कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी हो सकती है। इससे तापमान में और गिरावट आ सकती है। इसके बाद आने वाले सप्ताह में मौसम साफ बना रहने की संभावना है। तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। अगले सप्ताह तापमान में एक बार फिर वृद्धि होगी, जिससे अप्रैल के पहले सप्ताह में गर्मी पसीने छुड़ाना शुरू कर देगी।

सरसों की कटाई का कार्य अंतिम चरण में

मौसम में बदलाव की संभावना को देखते हुए किसानों ने सरसों की कटाई का कार्य तेजी से शुरू किया हुआ है। जिले में सरसों की 80 फीसदी तक कटाई हो चुकी है। किसानों ने गेहूं की अगेती फसल की कटाई भी शुरू कर दी। आसमान में बादल छाने के बाद किसानों की चिंता बढ़ जाती है। उन्हें बारिश या ओलावृष्टि की आशंका सताने लगती है। किसान जल्द से जल्द फसल निकालकर घर या मंड़ियों में पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। राहत की बात यह है कि अभी बारिश की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।